तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 कठौतिया में बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान

12 अपडेट नहीं हुए कैमरे, गार्डों की संख्या नहीं बढ़ी...


## खबर संक्षेप



### शिक्षक त्रिभुवन वैष्णव को मिला शिक्षादूत सम्मान

**साजा।** नगर में स्थित एकमात्र अंग्रेजी माध्यम स्कूल शासकीय कन्या प्राथमिक शाला के कर्मठ प्रधानपाठक त्रिभुवन वैष्णव को वर्ष 2024 का मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण पुरस्कार में शिक्षादूत सम्मान प्राप्त हुआ। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। शिक्षक दिवस पर एकेडमिक वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में बेमेतरा जिला में कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य बड़े अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि त्रिभुवन वैष्णव अपने शिक्षकीय कार्य, पालक संपर्क, एसएमसी से बेहतर समन्वय के माध्यम से अलग पहचान स्थापित कर चुके हैं।

### सीबीआई अफसर बनकर की एक करोड़ की ठगी

**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से सीबीआई का अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**सम्मान**

## जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का किया गया सम्मान

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के तत्वावधान में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के अंतर्गत नगर के निजी स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, जिले के शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे उपस्थित थे।

■ शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा किया गया आयोजन

जिला स्तर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें ज्ञानदीप पुरस्कार के रूप में दोनों वर्ष के तीन-तीन शिक्षकों का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र के अलावा 7000 की राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शिक्षा दूत के रूप में दोनों वर्ष 12-12 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिन्हें बहुत सुंदर प्रशस्ति पत्र के अलावा प्रत्येक को 5000 की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा जिले में संकुल समन्वयकों के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकासखंड के एक-एक संकुल समन्वयक को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। जिनमें बेमेतरा विकासखंड से बटार के संकुल समन्वयक ▶▶| शेष पेज 13 पर



### प्राथमिका शाला अकोला की प्रधानपाठिका हिमकल्याणी को राज्यपाल ने किया सम्मानित



*बेमेतरा। शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा की प्रधानपाठिका हिमकल्याणी सिन्हा को 5 सितंबर को राज्य शिक्षक सम्मान समारोह में राज्यपाल ने सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी निलेश चन्द्रवंशी, एपीसी कमल नारायण शर्मा, बीआरसी साजा बी डी बघेल, डाइट बेमेतरा के व्याख्याता थलज कुमार साहू, के विशेष मार्गदर्शन में शिक्षिका कार्य किया। हरि केडिया, रेखा रजक, पुष्पा साहू, लक्ष्मी बंजारे, अहिमन सिन्हा, सोनल नामदेव, हेमलता ठाकुर, हिरेश टंडन सहित समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानपाठिका हिमकल्याणी सिन्हा शारीरिक रूप से 75 फीसदी दिव्यांग हैं। लेकिन, कक्षा में बच्चों के साथ इनका काम 100 प्रतिशत है। शासन की समस्त योजनाओं को बहुत लगन रुचि एवं आत्मविश्वास से करती हैं। नवाचारी शिक्षिका के रूप में पहचान बना चुकी हिमकल्याणी सिन्हा शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार की कबाड़ से जुगाड़ कर उपयोगहीन वस्तुओं से बहुत कम लागत में 150 से अधिक सहायक सामग्री और खिलौनों का निर्माण कर चुकी हैं, जिनका नियमित उपयोग कक्षा में होता है। इससे पहले भी उन्हें वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, 2021में कोरोना योद्धा, सम्मान, 2022 में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, 2022 पढ़ई तुहर दुवार में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए सम्मानित हो चुकी हैं। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित हुई है साथ ही सी जी पोर्टल में दो बार हमारे नायक भी रही हैं।*

### निरंतर अभ्यास से आती है कुशलता : शर्मा

शिक्षकों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि आप सभी को श्रेष्ठ शिक्षक बनना है। पर यह श्रेष्ठता आती कैसे है, कुछ लोग कहते हैं कि श्रेष्ठता जन्म से आती है, कुछ लोगों का कहना है कि श्रेष्ठता ट्रेनिंग से आती है, मगर सच तो यह है कि श्रेष्ठता अभ्यास करने से आती है। उन्होंने कहा कि सब अभ्यास का ही खेल है परिश्रम है मेहनत है लगन है। शिक्षकों का यह दायित्व है कि आप अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें और आने वाले वर्षों में परीक्षा परिणाम को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें।

### शिक्षक एक अच्छा शिल्पी होता है : एसपी

शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि जिस प्रकार कुम्हार कच्चे मिट्टी को एक सुंदर मूर्ति का रूप देते हैं, उसी प्रकार आप बच्चों को गढ़ते हैं, एक आकार देते हैं, तब कहीं जाकर वह एक अच्छा इंसान बनता है। इसीलिए शिक्षक एक अच्छा मूर्तिकार है। आपकी बनाई हुई अच्छी मूर्ति हर जगह प्रशंसा प्राप्त करती है। अच्छी मूर्ति की सभी तारीफ करते हैं कि कितना सुंदर बनाया है। कार्यक्रम का संचालन सेजेस के व्याख्याता सुनील झा तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने किया। इस अवसर पर सहायक संचालक एस पी कोशले सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## समितियों को और सुदृढ़ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में ज़िला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सहकारी समितियों की प्रगति और उनके विकास के विभिन्न पहलुओं पर एजेंडावार चर्चा की गई।

■ ज़िला सहकारी विकास समिति की बैठक में दी सलाह

कलेक्टर श्री शर्मा ने सहकारी समितियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी (पैक्स) समितियों को आदर्श उपविधि का अंगीकारण करना चाहिए, जिससे वे बहुउद्देशीय और बहु आयामी बन सकें। उन्होंने पैक्स समितियों को कृषि क्षेत्र में केवल ऋण प्रदान करने तक सीमित न रहकर अन्य व्यवसायिक गतिविधियों में भी भाग लेने की सलाह दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि पैक्स समितियों के माध्यम से किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं, जैसे कृषि उपकरणों की आपूर्ति, बीज वितरण, और विपणन सुविधा आदि। उन्होंने कहा कि इन समितियों को सुदृढ़ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था ▶▶| शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP
RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS
Limited Time.
Unlimited Fayde!
Discounts on all product range
Get discount vouchers for next purchase
Upto 70% OFF On selected products
AND MANY MORE...
KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES | hansgrohe | icon WORLD OF TILE | fima CARLO FRATTINI | FlexStone | Oyster | haique Quartz | Marble | Terrazo | HÄFELE | SABURI PLYWOOD
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप



### अग्रसेन धाम में मां बेरीवाली का मंगलपाठ 17 अक्टूर को

रायपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर जीई रोड स्थित छोकरा नाला के पास अग्रसेन धाम में 17 अक्टूबर को मां बेरीवाली का मंगलपाठ और पूरे छत्तीसगढ़ के मां बेरीवाली परिवार को जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय सालासर मंदिर प्रांगण में विगत दिनों मां बेरीवाली परिवार छत्तीसगढ़ की पहली बैठक में लिया गया। बैठक में उपसस्थित लोगों ने सर्वम्मति से अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल को, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महासचिव योगेश बेरीवाल एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद अग्रवाल को चुना गया। ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में नंदकिशोर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, माधव अग्रवाल, शिव गोयल आदि शामिल हुए।

### प्रतिनियुक्ति से लौटे रजत

रायपुर। छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस रजत कुमार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद बुधवार को मंत्रालय पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। उनकी ज्वाइंनिंग के बाद अब सचिव स्तर के दो अधिकारी राज्य की सेवा में लौट चुके हैं। प्रतिनियुक्ति के दौरान रजत कुमार ने डीओपीटी और जनगणना निदेशालय में कार्य किया। इसके पूर्व अमित कटारिया ने मंगलवार को ज्वाइंनिंग दी थी।

### सिन्हा समाज सामाजिक एकजुटता के लिए काम कर रहा: रिकेश

भिलाई। छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के जन कल्याण समिति ने रविवार को कोहका स्थित भवन में तीज मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि पंडवानी गायिका उषा बारले और रिसाली नगर निगम की महापौर शशि अशोक सिन्हा थीं। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रिखीराम सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि सेन ने कहा कि सिन्हा समाज जागरूक समाज है। एकजुटता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सामाजिक कार्यक्रमों परिवार व समाज से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने विधायक निधि से सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। आने वाले 5 साल तक 10-10 लाख रुपए देने की बात कही। राष्ट्रपति से पुरस्कृत डोमेन्द्र सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सदस्यों ने सामाजिक प्रस्तुति दी।पूजा गजेन्द्र ने तीज क्वीन का खिताब मिला। जज में चयनित हीरा सिन्हा, पीएससी से सहायक अभियंता (जल संसाधन विभाग) के पद पर चयनित सुष्मिता सिन्हा को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट योगदान के लिए लक्ष्मी जायसवाल को दमयंतीन सिन्हा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

### होटल संचालक से निगम आयुक्त ने उठवाया कचरा

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अमले के साथ शहर साफ. सफाई व्यवस्था देखने स्टेशन रोड, राजेन्द्र पार्क चौक के अलावा मालवीय नगर पर निकले। निरीक्षण के दौरान खालसा पब्लिक स्कूल के पास स्थित होटल संचालक द्वारा सड़क के किनारे कचरा डाल दिया गया था। उस होटल संचालक को बुलाकर उससे कचरा उठवाया। आयुक्त के आदेश पर 500 रुपये का अर्थदंड किया गया और चेतावनी देते हुए दोबारा सड़क पर कचरा न फेंकने की बात कही। शहर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कई दुकानदारों द्वारा दुकान से निकलने वाला कचरा बाहर फेंका जाता है, जिस पर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को नजर रखने के साथ साथ जुर्माना करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने मौजूद अधिकारी को साफ-सफाई व्यवस्था को सुधारकर और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। होटल व दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट प्रबंधन एवं गीले-सूखे कचरे को नगर निगम के वाहनों में दिया जाए। अन्यथा प्रावधानों के तहत नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। निरीक्षण के मौके पर उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, पीआईयू कुणाल, परम कुमार सहित अमला मौजूद रहे।

# नितिन नबीन का आना टला, निगम मंडल आयोग की प्रतीक्षा और बढ़ी, कुछ पदों की हो सकती है घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोग की सूची जारी होने की उम्मीद लगाए भाजपा नेताओं का इंतजार कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ गया है। दरअसल माना जा रहा था कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के राज्य के दौरे पर आने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा और सूची जारी हो जाएगी, लेकिन श्री नबीन का प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम टल गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के गठन के कुछ महीनों बाद से राज्य में निगम, मंडल, आयोग, प्राधिकरणों में नियुक्ति की चर्चाएं हो रही हैं। हाल के दिनों में इस चर्चा ने जोर पकड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया के अलग-अलग हिस्सों में निगम मंडल की सूचियां वायरल हो रही थीं। हालांकि इन सूचियों को लेकर कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही थी, लेकिन फिर भी नियुक्तियों की अटकलें तेज हो गई थीं।

### कुछ पदों पर हो सकती है नियुक्तियां



इधर भाजपा की राजनीति के जानकार सूत्रों की मानें, तो निगम, मंडल में नियुक्तियों को लेकर उच्च स्तर पर बातचीत हो रही है। ऐसी संभावना है कि कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर नियुक्तियां की जा सकती हैं। इधर दूसरी ओर भाजपा में लालबत्ती यानी निगम मंडल के दावेदारों के बीच बेचैनी बढ़ रही है। दरअसल राज्य में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को विधानसभा चुनाव से अधिक बड़ी सफलता मिली है। इसकी वजह से पार्टी के विभिन्न स्तरों पर कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह है। दूसरी बात ये है कि पार्टी की ओर से संकेत मिले थे कि लोकसभा चुनाव में जिस विधानसभा सीट से लीड मिलेगी वहां के कार्यकर्ताओं- नेताओं को इसका पुरस्कार मिलेगा। इसी आधार पर उम्मीदें बढ़ी हैं।

### प्रदेश प्रभारी का दौरा टला

हाल के दिनों में भाजपा में इस बात की चर्चा तेज हो रही थी कि प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के यहां आने के बाद निगम, मंडल की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित सूची को हाईकमान से मंजूरी मिलने के बाद सूची जारी कर दी जाएगी, लेकिन इन अटकलों पर उस समय विराम लग गया जब प्रदेश प्रभारी का रायपुर प्रवास टल गया। बताया गया है कि प्रदेश भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होने के अवसर पर वे आएंगे, लेकिन उनका आना टल गया। अब बताया जा रहा है कि बिहार में व्यस्तता होने के कारण वे नहीं आ पाए हैं।

## शामिल होंगे बड़ी संख्या में राज्यभर के अधिकारी

# 12-13 को मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस, जारी हुआ एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 12 और 13 सितंबर को राज्य के कलेक्टर एसपी की कांफ्रेंस रखी गई है। इस बैठक में राज्य के सभी संभागायुक्त, सभी पुलिस महानिरीक्षक, सभी कलेक्टर-एसपी, सभी जिला पंचायतों के सीईओ, सभी नगर पालिका निगम और परिषद के सीईओ शामिल होंगे।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस कांफ्रेंस के लिए सभी संबंधित विभागों के लिए एजेंडा जारी कर दिया है। एजेंडा के बिंदुओं पर प्रेजेंटेशन संबंधित प्रशासकीय विभाग प्रमुख करेंगे। यह कांफ्रेंस रायपुर के सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में होगी।







### कानून व्यवस्था और नक्सल पर भी बात

एजेंडा के मुताबिक पुलिस अधिकारियों के साथ कांफ्रेंस के दौरान ये बिंदु भी चर्चा में शामिल होंगे। डायल 112 के क्रियान्वय की स्थिति, इकाईयों हेतु प्रशासकीय भवन आवास की स्थिति एवं आवश्यकता, इकाईयों हेतु सुरक्षा संबंधी उपकरण,वाहन,अन्य उपकरणों की स्थिति व आवश्यकता, रिक्त पदों/भर्ती, पदोन्नति की स्थिति, पुलिस कल्याण गतिविधियां, नक्सल परिदृश्य, कानून व्यवस्था की स्थिति, कार्यक्रमों हेतु अनुमति त्योहार एवं कार्यक्रम प्रबंधन (समन्वय- सावधानियों) के संबंध में चर्चा, ट्रैफिक मैनेजमेंट (रोड ऐक्सिडेंट की संख्या, रोकने के उपाय, नया प्रयोग यदि कुछ किया गया) पर बात होगी।

### अपराध संबंधी मामलों पर होगी गहरी मंत्रणा

यह कांफ्रेस दो हिस्सों में होगी। एक में राज्य में पुलिस की गतिविधियों और अपराध की घटनाओं, और उस पर नियंत्रण से संबंधित कई बिंदु शामिल है। इनमें अपराध - परिदृश्य, शरीर संबंधी अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, अर्जित सफलताएं, संगठित अपराध (कितने गैंग्स के विरूद्ध कार्यवाही हुई) महिलाओं- बच्चों के विरूद्ध अपराध एवं रोकथाम के प्रयास, मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु कार्यवाही पर चर्चा एवं प्रजेंटेशन होगा। इसी तरह ड्रग्स डिस्पोसल, ड्रग नेटवर्क के विरूद्ध कार्यवाही, नारकोटिक्स प्रकरणों में वित्तीय जाँच एवं विभिन्न एक्ट के संबंध में चर्चा होगी। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में मानव तस्करी व गुम बच्चों के मामलों में की गई कार्यवाही, चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध कार्यवाही, अनुसूचित जाति व जनजाति के विरुद्ध अपराध व राहत राशि, लघु अधिनियम, प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही, गुंडे बदमाशों के विरुद्ध की गई कार्यवाही (पिछले 9 माह में खोले गए गुंडा फाइल की जानकारी) एनएसए और जिला बदर पर कार्यवाही की जानकारी, नये कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति, साइबर अपराध व उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली जाएगी।

### कलेक्टरों से चर्चा पर इन बिंदुओं पर होगा फोकस

एजेडा के मुताबिक कलेक्टर कांफ्रेस में चर्चा और प्रजेंटेशन के लिए कई बिंदुओं के आधार पर एजेंडा तय किया गया है। इनमें कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं। राजस्व मामले की निगरानी, नामांतरण , बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, अन्य राजस्व मामले। डिजिटल फसल सर्वेक्षण सहित फसल सर्वेक्षण, जियो रेफरेंस भू-नक्शा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, (एसबीएम) नेशन रूरल लाईवलीहुड मिशन (एनआरएलएम) अमृत सरोवर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम जन आयुष केंद्र, आयुष्मान भारतः स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, चिरायु योजना, मोतियाबिंद योजना, एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) प्रगति, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना, एनएचएम में निधि उपयोग और रिक्ति की स्थिति, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य बिंदु शामिल हैं।

# जिला स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत, रायपुर को दो लाख का लक्ष्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरुवात हो चुकी है। रायपुर शहर जिला का सदस्यता अभियान शहीद स्मारक भवन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, पूर्व सांसद सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय तीनों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। रायपुर के वरिष्ठ नेताओं सहित सभी 16 मण्डल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

सदस्यता अभियान की मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं से कहा, एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा की शुरुआत हुई। आज, उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने किए वादों को पूरा करने के पश्चात अर्जित किए गए विश्वास से बना है कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से बना है राजधानी रायपुर के कार्यकर्ता लगातार पार्टी कार्यक्रमों की सफलता हेतु परिश्रम करते हैं और मेरा विश्वास है की रायपुर को मिले 2 लाख से अधिक सदस्यता के लक्ष्य को सफलता पूर्वक अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### हमने विचारधारा से समझौता नहीं किया : संजय

*कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव ने कहा, हम भाजपा की सदस्यता देश और प्रदेश को मजबूत करने के लिए ले रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा, प्रदेश नेतृत्व ने इस वर्ष हमे 2 लाख सदस्यों का लक्ष्य दिया है और मैं इस सभागार में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बल पर यह बात पुरे यकीन के साथ कह सकता हूं की हम उस लक्ष्य से कहीं ज्यादा भाजपा सदस्य इस बार बना कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।*

# छात्रों को नशामुक्ति और यातायात की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वीर शिवाजी स्कूल में जिंदगी न मिलेगी दोबारा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में तीन विषय पर बच्चों को विस्तार से बताया जिसमें नशा मुक्ति, ट्रैफिक नियम और हेल्थ है। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, जिंदगी न मिलेगी दोबारा पर मिस जीनियस एवं मिस्टर जीनियस का अवार्ड दिया गया, साथ में बहुत से रोचक प्रश्न पूछे गए, जिसमे बेस्ट नॉलेज का मेडल दिया गया। मुख्य अतिथि बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा, बच्चों को अनुशासन एवं बोली पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ में हर बच्चा अपने मां बाप का कहना माने और बुरी आदत से दूर रहे।

मोटिवेशनल स्पीकर संगीता मोगरे ने कहा, आज के युग में बच्चे सोशल मीडिया की इतनी लत लग गई उससे उसको दूर होने की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस से टीके भोई ने कहा, लाल, पीली, हरी लाइट एवं ट्रैफिक के नियम की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में हेल्थ एक्सपर्ट डॉ कस्तुरी डागा, स्कूल के डायरेक्टर मुकेश शाह, अमर गिदवानी, डॉ एनडी गजवानी, महेश खिलनानी, मुकेश शाह, अनिल ज्योत्सिंघानी आदि उपस्थित थे।

### विधायक देवेन्द्र के परिवार से मिले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

भिलाई। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के निवास पहुंचे। जहां वे विधायक देवेंद्र यादव की मां से मिले। उनका हालाचाल जाना। उनके स्वास्थ्य की खैरियत ली। परिवार के सदस्यों से चर्चा की और सभी को हिम्मत दिया। सभी से कहा कि आप सभी लोग अपना ख्याल रखिए। मां से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। समय पर भोजन और दवाइएं ले। परिजनों और विधायक देवेंद्र यादव के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव से भी कहा कि वे माता जी का ख्याल रहे। पूर्व सीएम श्री बघेल जी ने आगे पूरे परिवार को विश्वास जताते हुए कहा कि उनके रहते हुए उन्हें किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूरा कांग्रेस परिवार, प्रदेश की पूरी जनता युवा नेता देवेंद्र यादव के साथ है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि युवा नेता विधायक छत्तीसगढ़ महतारी का साहसी बेटा है। जो भोलेभाले, मासूम, निर्दोष प्रदेशवासियों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। इसलिए भाजपा की सरकार उससे बदला लेने के लिए यह सब प्रपंच कर रही है। लेकिन सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजीत नहीं हो सकता है।

# अपडेट नहीं हुए कैमरे, गार्डों की संख्या नहीं बढ़ी, सशस्त्र बल के लिए अब प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश के 13 दिन बीतने के बाद भी दो बड़े सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में लगे कैमरे अपडेट नहीं हुए हैं, वहीं सुरक्षा गार्डों की संख्या जस की तस है। डीके अस्पताल द्वारा हथियार बंद पुलिस जवानों की व्यवस्था के लिए अब पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले दिनों आंबेडकर और डीके अस्पताल में चिकित्सकीय और मरीज तथा उनके परिजनों की सुरक्षा के मद्देनजर व्यवस्था को अपडेट करने के निर्देश जारी किए थे। इसके तहत अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों को अपडेट करने और उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश थे। साथ ही व्यवस्था बनाने के लिए तैनात किए गए सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने और उनकी मौजूदगी अस्पताल के सभी क्षेत्रों में दिखाने के साथ ही वहां की पुलिस चौकी में सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। आदेश को तेरह दिन बीत चुके हैं, मगर अब तक दोनों अस्पतालों की सुरक्षा में किसी तरह का सुधार होता नहीं दिख रहा है। अस्पतालों में लगे कैमरे जस के तस हैं और सुरक्षा गार्ड भी पुराने ढर्रे की ड्यूटी कर रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल में सशस्त्र बल के 12 जवान तैनात करने के लिए पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जा चुका और डीके अस्पताल प्रबंधन इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है।



### कड़ी जांच के निर्देश

अस्पताल में आने वाले आंगुतको की कड़ी जांच करने के निर्देश सुरक्षा गार्डों को दिया गया है। सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही। सशस्त्र जवानों के लिए पत्र भेजा जाएगा।

\- डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### सुधार कर रहे

अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने के साथ सीसीटीवी अपडेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है।

\- डॉ. एसबीएस नेताम, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### डीके में 27 जवान तैनात

डीके अस्पताल में कुल 82 सुरक्षा जवानों की तैनाती है। इनमें एक शिफ्ट में 27 सुरक्षा जवान ड्यूटी करते हैं। प्रत्येक फ्लोर पर चार जवानों के साथ मुख्य और पिछले द्वार पार्किंग में भी इनकी तैनाती की गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है। यहां लगाए गए करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे हैं जो एक्टिव हैं। अस्पताल आने वाले अटेंडरों से प्रवेश पास को लेकर भी यहां सख्ती बरती जा रही है।

### रास्ता संवेदनशील कई गलियारे वीरान

अस्पताल भवन में ड्यूटी करने के बाद गर्ल्स हास्टल तक आवाजाही के लिए उपयोग किया जाने वाला रास्ता अभी भी जोखिम भरा है। यहां लाइट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से इलाका संवेदनशील है। आवाजाही के लिए मरचुरी के पिछले हिस्से के रास्ते का उपयोग किया जाता है, जहां भी सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं हैं। अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में करीब 65 कैमरे लगे हैं, मगर करीब तीस कैमरों को सुधार की आवश्यकता है। दोपहर बाद अस्पताल के गलियारे वीरान रहते हैं।

## छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों का मजबूत नेटवर्क बनेगा

# हर पंचायत में होंगी सहकारी समितियां पेक्स को मल्टीपेक्स के रूप में विकसित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। हर पंचायत में होंगी सहकारी समितियां, पेक्स को मल्टीपेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़, ने 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पंचायतवार, पेक्स, मत्स्य समिति और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों के चिन्हांकन कर सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा, ऐसे ग्राम पंचायत जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा, आगामी छह-छह माह का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मबजूत करने तथा मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा, पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### पुराने कार्यों का कराएं आडिट

आगामी खरीफ फसल की खरीदी का समय नजदीक आ रहा है। अतः सभी समितियों के पुराने कार्यों का ऑडिट अनिवार्य रूप से कर ली जाए। वर्तमान में 2058 सहकारी समितियों और 2739 धान उपार्जन केन्द्र हैं। ऐसे ग्राम पंचायत अथवा ऐसे स्थान जहां दूरी अधिक है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं रूपे क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और राज्य के ज्यादा से ज्यादा प्रदेश के किसानों इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेटाबेस की समीक्षा करते हुए सभी समितियों के डेटाबेस को अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# उपभोक्ता सहकारी भंडार की 40वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग





- दिगंबर जैन भवन में कार्यक्रम का किया आयोजन

जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के 40 वां वार्षिक साधारण सभा दिगम्बर जैन भवन में अध्यक्ष पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार की अध्यक्षता व ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, शहर विधायक गजेन्द्र यादव, प्रीतपाल बेलचंदन, प्रेस क्लब अध्यक्ष अरूण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अतिथ्य में संपन्न हुआ। सभा में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके वर्मा द्वारा संस्था के गतिविधि व आय व्यय की जानकारी उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखते हुए प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित करने की अपेक्षा की। इस पर सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। सभा को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, सबसे पुरानी इस संस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए शासन स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में योजनाएं बनी है। जिससे सहकारी संस्थाओं एवम जनता को इसका सीधा लाभ होगा। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयास सहकारिता से समृद्धि की योजना से सफल होगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, सहकरिता का क्षेत्र ही भाजपा के सिद्धांत पर आधारित है जो अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा आवश्यक वस्तु जनता तक सुचारु ढंग से पहुंचे इसके लिए वे सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिलकर चर्चा करेंगे।

## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम उत्थान मंत्रालय की मांग, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** मुक्तिधाम उत्थान मंत्रालय की मांग को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साई नगर के पदाधिकारियों सहित पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने बताया कि भारत देश में हैप्पीनेस मंत्रालय जैसा नया मंत्रालय का कॉन्सेप्ट लाया गया वैसे ही वर्तमान वक्त की मांग है कि अब पृथक और स्वतंत्र रूप से भारत देश में मुक्तिधाम उत्थान का गठन किया जाना चाहिए बाकायदा इसके लिए अलग से बढ़िया बजट का प्रावधान भी भारत सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए, शहरी इलाकों में नगरीय निकाय के पास मुक्तिधामों का उद्धार का जिम्मा इतनी कम धनराशि में दिया जाता है कि खस्ताहाल हो चुके मुक्तिधामों का उन्नयन अच्छे से हो ही नहीं पता है, जिसके परिणाम स्वरूप मूलभूत आवश्यकताओं की भी प्रतिपूर्ति शासन स्तर से बिल्कुल भी नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश के समस्त मुक्तिधामों के लिए सरकार को पृथक रूप से मंत्रालय स्थापित करते हुए ज्यादा से ज्यादा बजट का प्रावधान सुनिश्चित करना चाहिए।

### चोरों ने तीन सूने मकानों को बनाया निशान



**रायपुर।** राजधानी के गुढ़ियारी तथा पंडरी थाना क्षेत्र में धावा बोलते हुए चोरों ने तीन घरों में धावा बोलकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा कैश पर हाथ साफ कर दिया। जिन लोगों के मकान में चोरी की घटना हुई है, उनमें से एक का परिवार धार्मिक यात्रा पर प्रयाग राज गया हुआ है। एक अन्य परिवार मृतक कार्यक्रम में शामिल होने गुढ़ियारी आया हुआ था। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी, बसंत विहार कालोनी निवासी कोर्ट में क्लर्क के पद पर कार्यरत सूर्यकांत पाटस्कर की पत्नी मंजूलता ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मंजूलता ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार देर रात दो बजे वह एक मृतक कार्यक्रम में शामिल होने रामनगर आई थी। मंजूलता के अनुसार उसे चोरी की घटना की जानकारी अपने पड़ोसी के माध्यम से मिली। मंजूलता ने पुलिस को बताया है कि चोर घर के बाहर पार्किंग में रखी कार के साथ घर के दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नकदी जेवर के साथ गद्दा के नीचे तथा गुल्लक में रखे 75 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया।

### नेत्र और दंत चिकित्सा शिविर में 190 लोगों ने कराई जांच



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर ने सिटी आई केयर हॉस्पिटल के सहयोग से मंगलवार को अपने विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के लिए कुल 278 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 190 लोगों ने अपनी आंखों और दांतों की जांच की। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसने कलिंगा विश्वविद्यालय में विविधतापूर्ण और समावेशी वातावरण को उजागर किया। शिविर में डॉ मनीष श्रीवास्तव के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में सिटी आई केयर अस्पताल की टीम द्वारा व्यापक नेत्र परीक्षण किए गए। इस पहल के तहत उपस्थित लोगों को मुफ्त आई ड्रॉप भी प्रदान किए गए। इस शिविर में दंत चिकित्सा परामर्शदाता डॉ. आतिश साहू, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद शहरयार खान, विभा चंद्राकर, डॉ. ए. विजयानंद, सुमन चौहान, कुलदीप बंजारे, शेख अब्दुल कादिर, निकिता जोशी, आयुषी कुचनवार आदि उपस्थित थे।

# डीके अस्पताल में लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट जल्द, उपकरणों के लिए 6 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर


किडनी और लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को जल्दी ही डीके अस्पताल में इसके ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी। शासन द्वारा इसके आवश्यक उपकरणों की खरीदी के लिए 6 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके लिए अत्याधुनिक आईसीयू पहले ही तैयार किया जा चुका है।

राज्य से शासकीय अस्पतालों में इसकी सुविधा अभी नहीं है, जिसकी वजह से मरीजों को कई बार काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए अब राजधानी के डीके अस्पताल में लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी। यह सुविधा राजधानी के मरीजों के साथ आसपास के राज्यों से आने वाले मरीजों को भी लाभान्वित करेगी। ट्रांसप्लांट की सुविधा के विस्तार के लिए यहां 6 करोड़ के उपकरणों की आवश्यकता थी, जिसे स्वशासी समिति के बजट से खरीदने के लिए मंजूरी दी गई है। अस्पताल में ट्रांसप्लांट की योजना काफी पुरानी है। इसके लिए वहां आईसीयू तैयार किया जा चुका है, मगर उपकरणों के अभाव में काम आगे नहीं बढ़ पाया था।

## ऑपरेशन के लिए पहले ही तैयार हो अत्याधुनिक आईसीयू

### ऑनलाइन हुआ फार्मेसी काउंसिल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन की आनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजीयन कार्य के आनलाइन हो जाने से आवेदकों को अब काउंसिल के चक्कर नहीं लगाने होंगे, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। फार्मासिस्ट डाक्टर और मरीज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है, जिस पर सही दवा एवं खुराक के निर्धारण की जिम्मेदारी होती है। पंजीयन तथा नवीनीकरण की व्यवस्था आनलाइन हो जाने से राज्य के सभी फार्मेसी छात्र एवं पंजीकृत फार्मासिस्टों को लाभ मिलेगा।



### आंबेडकर अस्पताल आईवीएफ सेंटर

आंबेडकर अस्पताल में आईवीएफ सेंटर बनाने की पुरानी योजना को शीघ्र हरी झंडी मिल सकती है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई साल पहले इसकी योजना बनाई गई थी जो ठंडे बस्ते में थी। स्वास्थ मंत्री ने इस योजना पर भी विचार करने और अटके डीपीआर पर शीघ्र काम शुरू करने का जिक्र किया है। इसके अलावा अस्पताल में आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस बनाने तथा विशेषज्ञ स्टाफ की तैनाती पर भी जोर दिया गया है।

कार्यक्रम : कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रक्षेत्र दिवस सह कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

# अच्छा समर्थन मूल्य मिलने के कारण बेमेतरा में भी धान के क्षेत्रफल में काफी वृद्धि हुई : डॉ. भंडारकर

हरिभूमि न्यूज ›› बेमेतरा

कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा एवं बायर के संयुक्त तत्वावधान में प्रक्षेत्र दिवस सह कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संदीप भंडारकर, अधिष्ठाता, रेवेन्द्र सिह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया बेमेतरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेन्द्र ठाकुर सहायक संचालक कृषि, दिलीप सिंह सिदार सहायक संचालक मछली पालन के साथ विवेकानंद गुप्ता बायर कंपनी छत्तीसगढ़ के बाजार विकास प्रबंधक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने बताया कि धान की रोपा पद्यति विधि से बुआई करने से उसमें जो जलभराव करना पड़ता है उससे भी मिथेन जैसी ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन होता है। जिसको कम करने के लिए धान की सीधी बुआई विधि याने डीएसआर का प्रयोग एक बेहतर विकल्प है। इस विधि व धान में खरपतवार, कीट और रोग की समस्याओं का बेहतर प्रबंधन के उन्नत तकनीक का बायर कंपनी के सौजन्य से बेमेतरा जिले में केवीके प्रक्षेत्र के साथ बेमेतरा, नवागढ़ एवं साजा विकासखंड के कृषक प्रक्षेत्र में प्रदर्शन कार्यक्रम लिया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप भंडारकर कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में धान की शासन स्तर पर खरीदी एवं अच्छा समर्थन मूल्य मिलने के कारण राज्य के साथ बेमेतरा में भी धान के क्षेत्रफल में काफी वृद्धि हुई है इसलिए पर्यावरण में फसल चक्र और उपलब्ध संसाधनों के महत्व को ध्यान में रखते हुए धान फसल से अधिक लाभ के लिए उपलब्ध कम लागत वाले उन्नत तकनीकों का विवेकपूर्ण उपयोग किसानों द्वारा किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में बायर कंपनी के बाजार विकास प्रबंधक विवेकानंद गुप्ता एवं क्षेत्रीय व्यवसाय प्रबंधक चैतन्य रेडी ने डी.एस.आर. विधि से धान की बुआई करने व समस्याओं के बारे में बताया। साथ ही उसके निदान की जानकारी दी।

सहायक संचालक कृषि जितेन्द्र ठाकुर ने कृषकों एवं कृषि अधिकारियों को जिले में धान एवं अन्य खरीफ फसलों की उन्नत कास्त तकनीक व प्रबंधन के उपायों को अपनाने व उसका प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। कीट एवं रोग प्रबंधन पर परिचर्चा हुई। फसल प्रबंधन के सामान्य ज्ञान पर प्रश्नोत्तरी भी रखा गया था। बुआई की प्रदर्शन इकाई का कृषकों एवं कृषि अधिकारियों को भ्रमण कराया गया।



**ये रहे उपस्थित :** प्रक्षेत्र दिवस सह कृषक प्रशिक्षण के कार्यक्रम में केवीके बेमेतरा के डॉ. जितेन्द्र जोशी, डॉ. तृप्ति ठाकुर, डॉ. लव कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार, शिव कुमार सिन्हा तथा कृषि विभाग के डॉ. श्याम लाल साहू, राकेश चतुर्वेदी, बायर कंपनी के आदर्श दुबे, खूबचंद बघेल से सम्मानित प्रगतिशील कृषक खेदूराम बंजारे, प्रदर्शन इकाई के लाभार्थी कृषक मोहित साहू, तोकेश्वर साहू दिनेश वर्मा के साथ कुल 150 से अधिक अधिकारी- कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# बारिश की एक-एक बूंद को सहेज जरुरत पर ही जल का करें उपयोग



हरिभूमि न्यूज ›› बेमेतरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने गुरुवार को सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन, जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों सहित सरपंच/सचिवों एवं रोजगार सहायकों की प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक ली। बैठक मे उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनपद पंचायात बेमेतरा के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाना है।

सीईओ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण किए जाने, स्वच्छता अंशदान यूजर चार्ज लिए जाने, गीले कचरे का घर स्तर पर उपचार, सूखे कचरे को कबाड़ीवाले को भेजे जाने हेतु एमओयू करने, प्लास्टिक कचरे को प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट में भेजने, सामुदायिक शौचालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने, निर्माणाधीन सेग्रिगेशन शेड पूर्ण करने इत्यादि बिंदुओ पर समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने जल संवर्धन एवं संरक्षण से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान नया तालाब निर्माण, चेक डेम निर्माण, सोक पीट ,वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा जल शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति अंतर्गत वर्षा जल के एक-एक बूंद को सहेजने एवं आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करने के संबंध में बताया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

### प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की दिलाई शपथ

सीईओ ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गांव मे घर घर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जाए ताकि कचरे को रिसायकलर्स को भेजा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्लास्टिक डिस्पोजलों का उपयोग न करके बर्तन बैंक के सामग्रियों का उपयोग करें। बैठक के अंत मे सभी ने प्लास्टिक उपयोग नहीं करने हेतु शपथ लिए।

## छूटे शासकीय सेवक परिजनों को जल्द मिलेगी पेंशन, सूची तैयार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद मृत्यु होने तथा आशक्तता वाले शासकीय सेवकों या उनके परिजनों को भी जल्द ही पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए जिले में छूटे हुए पेंशनधारी सेवकों की सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची में शामिल मृत एवं आशक्तता वाले सेवकों या उनके परिजनों को पुरानी पेंशन योजना से जोड़ने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई। इस ट्रेनिंग में सभी को इन प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए ईडब्ल्यूआर और ईआरएम प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## कश्यप ने कहा- सोरेन परिवार के भ्रष्टाचार से झारखंड बेहाल

**रायपुर।** वन, सहकारिता एवं संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार बैठक कर रहे हैं। राज्य के सिमडेगा भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा की। सिमडेगा में आमजनों के भाजपा में प्रवेश को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा की विचारधारा में राष्ट्रवाद और जनकल्याण पर आधारित है। यह पार्टी देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पेज 11 के शेष

### जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों ...

सोनलाल चंद्राकर बेरला विकासखंड से देवरी के संकुल समन्वयक ओम प्रकाश साहू, नवागढ़ विकासखंड से गाड़ामोर के संकुल समन्वयक भागीरथी वर्मा और साजा विकासखंड के डंगनिया के संकुल समन्वयक राजू पटेल शामिल है। इसके अलावा जिले में क्रीड़ा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले और बच्चों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में आगे बढ़ाने वाले व्यायाम निर्देशकों को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दाढ़ी की सुनीता साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी के भूपेंद्र वैष्णव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ीकला के देवेंद्र देवांगन तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेचानमेटा के नोकेश्वर वर्मा शामिल है। इसके अलावा जिले के शासकीय विद्यालयों में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट लाने के लिए तीन हाईस्कूल के प्राचार्य को भी सम्मानित किया गया। जिनमें नंदे राम बांधेकर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल अर्जुनी, श्याम कुमार तिवारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मलदा और विशाल सिंह धुर्वे प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल घिवरी शामिल है। इसी तरह जिले के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले हायर सेकेंडरी के तीन प्राचार्य को भी सम्मानित किया गया। जिनमें बारहवीं की परीक्षा में 100% परिणाम देने वाले शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी के प्राचार्य बांके बिहारी गुप्ता, शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शिवलाल राठी बेमेतरा की प्राचार्य सुदेशा चटर्जी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव कला के प्राचार्य अश्वनी कुमार गायकवाड़ को भी प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ने सम्मानित किया।

### समितियों को और सुदृढ़ ...

को मजबूत किया जा सकता है। इसके लिए समितियों को नवाचार और तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ज़िले के अनकवर्ड ग्राम पंचायतों/ग्रामों में नवीन बहुउद्देशीय और बहुआयामी पैक्स एवं प्राथमिक दुग्ध तथा मछुआ सहकारी समितियों के पंजीयन के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने पैक्स कम्प्यूटीकरण परियोजना अन्तर्गत प्रगति की जानकारी ली। उप पंजीयक सहायक बसंत कुमार ने ज़िले में एजेंडा बार विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पंजीकृत सेवा, सहकारी समितियों लो जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 102 पंजीकृत सेवा, सहकारी समितियां है। मछुआ सहकारी समितियां 107 है।वही दुग्ध उत्पादक 23 समितियां पंजीकृत है। कलेक्टर ने मछुआ समितियां बढ़ाने और लोगों को जोड़ने पर बल दिया। बैठक में सहकारी विकास समिति के अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया और विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने समितियों को उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए निर्देश दिए और सहकारी आंदोलन को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।इस अवसर पर ज़िला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति अलका शुक्ला, ज़िला विपणन अधिकारी उपेन्द्र कुमार, प्रबंधक ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक राजेंद्र कुमार वारे, सहित विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए।

# चैंबर ने जीएसटी सरलीकरण के संबंध में केन्द्रीय वित्तमंत्री को भेजा सुझाव

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

- 9 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की होगी बैठक
- चैंबर भवन में व्यापारिक संगठनों की बैठक में मांगे थे सुझाव

9 सितंबर को 54 वें जीएसटी काउंसिल की बैठक होने वाली है। इसमें जीएसटी सरलीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स की ओर से बिंदुवार सुझाव केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय जीएसटी आयुक्त मो. अबु समा और राज्य जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को भेजा गया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में सुझाव देने चैंबर भवन में गत दिनों एक बैठक रखी गई, जिसमें विभिन्न व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदेश के व्यापारियों के लिए जीएसटी में व याप्त विसंगतियों के सरलीकरण करने की मांग होती रही है। इसी कड़ी में राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन के सभागार में गत दिनों विभिन्न व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इन सुझावों को चैंबर ने सूचीबद्ध किया।

### प्रमुख सुझाव इस तरह से

- इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटी आर 2बी के आधार मान्य होने सम्बन्धी प्रावधान को वापस लिया जाये।
- यदि क्रेता द्वारा क्रय संबंधी सभी दस्तावेज एवं भुगतान संबंधी प्रमाण दिया जाता है, तो विभाग द्वारा विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए।
- आरसीएम संबंधित प्रावधान।
- जीएसटी प्रणाली में ब्याज की गणना के प्रावधान को बदला जाये।
- नियम 86 बी के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी सुझाव।
- नियम 21 जीएसटी पंजीकरण का निलंबन/निरस्तीकरण संबंधी सुझाव
- ई-इनवॉइसिंग के 1 अगस्त 2023 से 5करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों
- पर लागू किए गए प्रावधान वापस लिया जाये।
- ई-इनवॉइसिंग की स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए।
- ई-वे बिल की वैधता अवधि में 50 प्रतिशत की कटौती संबंधी सुझाव।

# साध संगत के साथ स्टेशन रोड गुरुद्वारा से निकाली प्रभातफेरी



हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

- धूमधाम से मनाया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व
- पुष्पवर्षा कर किया जगह जगह स्वागत

गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा स्टेशन रोड में बुधवार को गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सुबह 4 बजे बोले सो निहाल सत श्रीअकाल के जयघोष के साथ गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। पहले गुरुपरब के मौके पर सुखमनी साहेब का पाठ हुआ। साध संगत के साथ स्टेशन रोड गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली गई। इसका जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। गुरू ग्रंथ साहिब के प्रकाश के पावन अवसर पर सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, मंजीत सिंह सलूजा, तेजिंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह गुरुदत्ता, कुलदीप सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह खनूजा, हरजीत सिंह अजमानी, रविंदर सिंह दत्ता, रजिंदर सिंह सलूजा, महेंदर पाल छाबड़ा, गुरदीप सिंह छाबड़ा, भगत सिंह छाबड़ा, तरजीत सिंह मल्होत्रा, गुरचरण सिंह टाक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सुखमनी साहेब का पाठ किया

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि दसों गुरुओं की ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले गुरुपरब मौके पर जपजी साहेब, सुखमनी साहेब का पाठ किया गया। इसके बाद देवेंदर सिंह रिशम और उनके जत्थे ने सिमरन कराया। इस मौके पर समूह साध संगत के साथ प्रभात फेरी निकाली गई । गुरुद्वारा स्टेशन रोड से शुरू हुई प्रभातफेरी संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक, राठौर चौक, तेलघानी नाका चौक होकर वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची। रास्ते में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका ।

# अमलीडीह-महावीर नगरवासी आवारा मवेशियों से परेशान, हर रोज हो रहे हादसे

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अमलीडीह, महावीर नगर क्षेत्र के रहवासी आवारा मवेशियों से अब त्रस्त हो चुके हैं। सुबह से रात तक अमलीडीह जाने वाली मुख्य सड़क से लेकर कालोनियों में जाने वाली सड़कों पर आवारा मवेशी झुंड में घूमते और बैठे रहते हैं। इसके कारण सड़कों पर आवागमन तो प्रभावित हो रहा है। साथ ही हर रोज मवेशियों के कारण सड़क हादसों में लोग घायल भी होने लगे हैं। इधर इस मामले में संबंधित निगम जोन अधिकारियों का यही कहना है कि लगातार आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजने की कार्यवाही की जा रही है, जबकि वस्तुस्थिति कुछ और है। इस क्षेत्र में अभी तक आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान ही शुरू नहीं किया गया है। इसके कारण क्षेत्र में आवारा मवेशियों का जमावड़ा सड़कों पर लगा रहता है। रात के समय में अमलीडीह, महावीर नगर सहित मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशी जगह-जगह बैठे रहते हैं। ऐसे में रात के समय में इन सड़कों पर कभी भी बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। सड़कों पर अंधेरा होने के कारण रात में काले रंग के मवेशी वाहन सवार लोगों को आसानी से दिखाई नहीं पड़ते, जिसके कारण इस सड़क से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को कभी भी भारी पड़ सकता है।

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष बने रोहित

**डौंडी।** सर्व आदिवासी समाज ब्लाक डौंडी का गठन सर्व आदिवासी सामाजिक भवन में समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष रोहित माहला को बनाया गया। वहीं, उपाध्यक्ष तिहार सिंह तारम, अमाय नागवंशी, देवेंद्र कोर्राम महासचिव सुनहेर कोसमा सचिव दिवाकर कोरोटी, राजेश रावटे कोषाध्यक्ष राजेश चुरेंद्र संगठन मंत्री उदे राम सिवाना, शिव प्रसाद बारला मीडिया प्रभारी समीर धुर्वा युवा अध्यक्ष तुलेश्वर हिचामी महिला अध्यक्ष अमृता कोड़ापे उपाध्यक्ष साधना सोरी को बनाया गया। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी नियुक्त किया गया। बैठक में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने सीखा वर्मी कम्पोस्ट बनाना



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में 5 सितंबर को बीएससी फर्स्ट ईयर के छात्र–छात्राओं को बेस्ट प्रैक्टिस के तहत वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई।

### घीना स्कूल के बच्चों को दी गई साइबर अपराध से बचाव की जानकारी



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना सुरेगांव से थाना प्रभारी इंदरा वैष्णव ने बच्चों को साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि मोबाइल का उपयोग कम व दुरुपयोग अधिक होते नजर आ रहा है। इससे क्राइम को बढ़ावा मिल रहा है। हमें आर्थिक क्षति न हो इसके लिए हमें सजग रहना है। उसी प्रकार बालिका सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष डालचंद जैन व समाज सेवी, बिंझवार तारम व लगन तारम उपस्थित थे। साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना के स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एलके तारेंद्र ने की।

### मोबाइल और नकदी लूटकर फरार

**भिलाई।** युवक का रास्ता रोक कर लूट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। तीन बदमाशों ने मोबाइल, नगदी लूटकर फरार हो गए।खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि संतोष कुमार सोनी खुर्सीपार निवासी प्राइवेट काम करता है। मंदिर हसौद से स्कूटी से खुर्सीपार अपने घर लौट रहा था। इस दौरान स्कूटी का पेट्रोल डबरापारा के पास खत्म हो गया। स्कूटी को पैदल लेकर रात 12.30 बजे आईटीआई मैदान केनाल रोड पहुंचा था। इस दौरान तीन बदमाश युवकों ने उसे घेरकर मोबाइल, जेब में रखे 8 हजार रुपए नगद, आधार कार्ड, गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

### मीडिया कर्मी से मारपीट

**भिलाई।** मीडिया कर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में में पुलिस से शिकायत की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सेलुद से जामगांव आर मार्ग में स्थित बजरंग चौक के पास फोटो स्टूडियो संचालक व मीडिया कर्मी किशन हिरवानी का आफिस है। अचानक दो हमलावर आफिस में प्रवेश कर क्रिकेट बल्ला लेकर पहुचे थे। अचानक लगातार किशन हिरवानी के सिर में हमला कर दिया। किशन को चोट लगने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया।

## शिक्षक दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम, शिक्षकों का किया गया सम्मान

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे हमेशा शिक्षा का दीप जलाते रहते हैं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्राम जेवरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दीपेश ने किया सम्मानित

देश के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम जेवरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भारत माता, स्वरस्वती माता की तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। साथ ही डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन को श्रद्धांजलि नमन किया गया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के सेवानिवृत्त एवं अन्य शिक्षकों को श्री फल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते हैं, वे हमेशा शिक्षा का दीप जलाते रहते हैं। समाज को मार्गदर्शन देने में उनकी बड़ी भूमिका रहती है।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि शिक्षक जीवन पर्यंत समाज और देश को नई दिशा देने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान शिक्षक चौवन प्रसाद तिवारी, आधारी राम साहू, हरभजन सिंह राणा,उदय भास्कर सिँह,राम मुरारी सिंह, अर्जुन सिंह राजपूत, एम आर ध्रुव, धरम दास महलगे,तिलक राम पाटिल,तीरथ राम साहू,परदेसी राम साहू,राजेश टंडन, लखन लाल तिवारी एवं समस्त शिक्षक हायर सेकेंडरी स्कूल,मिडिल स्कूल,प्राथमिक स्कूल ग्राम जेवरा के समस्त शिक्षकों का कार्यक्रम में सम्मान किया गया। इस अवसर पर उदय भास्कर पूर्व सरपंच, गजानंद साहू जनपद सदस्य, सालिक राम दुबे, डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी, मुकेश सिँह, प्रणय सिँह राणा, सुरेंद्र सिँह, शेर सिंह, सच्चिदानंद यदु, उपस्थित क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### शिक्षक की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे विद्यार्थी

**साजा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।

शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप ने डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन का चित्र बनाया। इस अवसर पर संध्या, हुलशी, लवली, दुर्गेश्वरी, सुमित, कोमल, कौशल, वेद प्रसाद सहित अनेक विद्यार्थी शिक्षक शिक्षिका की वेशभूषा में स्कूल पहुँचे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारम्भ किया। उसके बाद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की गई। सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का ग्रामीणों ने सम्मान किया। उक्त अवसर पर प्रधान पाठक धनेश रजक ने शिक्षक दिवस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षक ताकेश्वर निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर व बिरजू वर्मा अध्यक्ष मिडिल स्कूल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक रुखमनी सेन, थूकेल राम तारम, रावत मैडम, चंद्रशेखर कश्यप ने शिक्षक दिवस पर सभा को सम्बोधित किया।



### बच्चे अच्छे अंकों से उत्तीण हों, यही शिक्षकों के लिए सबसे अच्छा उपहार

**बेमेतरा।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद्, महान विचारक, भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। इस उपलक्ष्य में थानखम्हरिया के पास स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, मां सरस्वती एवं शिक्षकों की आरती उतारकर शिक्षक दिवस मनाया। सभी बच्चों ने शिक्षकों को इस अवसर पर उपहार स्वरूप पेन भेंट किया। शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन गाथाओं के बारे में बताया। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों द्वारा दिया जाने वाला उपहार पेन या स्मृति चिन्ह से नहीं, बल्कि उसके द्वारा कठोर मेहनत के फलस्वरूप अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर जो उपहार दिया जाता है, वही एक सुंदर उपहार होता है। इस मौके पर हाई स्कूल दर्री के प्राचार्य भवानी सिंह नेताम, पूर्व मा.शाला. के प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में दुर्गा सेन, ऋतु राजपूत, निखिल पाटिल, श्रेया साहू एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### छात्र संगठन ने किया शिक्षकों का सम्मान

**बेमेतरा/खंडसरा।** हायर सेकेंडरी स्कूल खंडसरा के छात्र संगठन व विद्यालय के पूर्व छात्रों ने भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छात्रों ने इस संस्था से पदोन्नत प्राप्त कर खाम्ही गये हरिनारायण देशमुख को अतिथि के रुप में आमंत्रित कर शिक्षक के प्रति अपना समर्पण भाव को प्रदर्शित किए। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य महेश साहू ने की। वरिष्ठ शिक्षक अजय शर्मा,श्रद्धा चंद्राकर, अरविंद सोनी, महादेव कौशल, नीलम तिवारी नीरज कुमार पांडे ,रोहित वर्मा ,मोहित रावत सहित सभी शिक्षको ने मां सरस्वती व सर्वपल्ली राधाकृष्णन की चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं, छात्रों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में पारंपरिक गीत करमा ददरिया सुवा आदि नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने शिक्षाविद राधाकृष्णन जी से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। छात्र संगठन ने विद्यालय के पूर्व छात्र जो शिक्षकों के कमी के कारण संस्था में शैक्षणिक कार्य कर रहे रोशन सिन्हा, विजय धृतलहरे, नीतू, कविता, गोदावरी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। छात्र संगठन ने सभी शिक्षकों को उपहार भेंट कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण वैष्णो ने किया शाला नायक भावेश दिवाकर, छात्रा प्रतिनिधि दीपेश्वरी चौहन, कौशल टोंडरे, आयुषी मुस्कान, का कार्यक्रम सफल बनाने में विशेष योगदान रहा वही आरती जायसवाल, दुर्गेश धृतलहरे भुवनेश्वरी, आराधना सहित पूर्व छात्र छात्राएं अन्त तक उपस्थित रहे।



### कठौतिया में बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**दाढ़ी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठौतिया में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मिडिल प्रधानाचार्य नवीन चन्द्राकर, संकुल समन्वयक रज्जू चंद्राकर, शिक्षक चेतन लाल भंडारी, खूबलाल साहू, गजानंद चंद्राकर,रामू चंद्रकर, गणेश चंद्राकर व सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे , प्रधानाचार्य नवीन चन्द्राकर ने जीवन में शिक्षक का महत्व बताया,साथ ही गुरू शिष्य के बीच मधुर संबंध पर बच्चों को जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि एक कर्मठ शिक्षक किस प्रकार अपना जीवन अपने बच्चों पर समर्पित कर देता है ,उस बातो को बच्चे हमेशा याद रखें ,यहीं सच्ची गुरु दक्षिणा होती है। इस प्रकार बहुत ही अच्छे ढंग से सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन को याद करते हुए पूजा अर्चना कर शिक्षक दिवस मनाया गया।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए शिक्षक डोगेंद्र




**साजा।** 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने डोगेंद्र कुमार वर्मा प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री वर्मा शिक्षा के क्षेत्र में विगत 19 वर्ष से अच्छे कार्य कर रहे हैं और अपने स्कूल में शासन की सभी योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं। वे बच्चों को अलग-अलग तरीके से सीखने सिखाने की कार्य करते हैं। उन्होंने अपने स्कूल को बच्चों के अनुरूप बनाने के लिए अपने कक्षाओं को सुंदर प्रिंट रिच वातावरण बनाया है। वे बच्चों को नवोदय की तैयारी करवाते हैं, जिससे प्रतिवर्ष उनकी शाला से बच्चों का चयन नवोदय के लिए होता है। उनके मार्गदर्शन से आसपास के बच्चों का भी नवोदय में चयन हो चुका है। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार मिलने पर शाला के शिक्षक एवं ग्राम वासी उत्तम साहू ,खुमान साहू, कुलेश्वर ठाकुर गिरवर ध्रुव पोखन साहू पूजा साहू ,भीमराम साहू , संकुल प्रभारी कमलेश गायकवाड़, संकुल समन्वयक राजेश जायसवाल एवं संकुल के सभी शिक्षकों, ग्राम पंचायत सरपंच युवराज साहू शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेन्द्र साहू सहित ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### सिंघौरी स्कूल में श्रद्धा से मनाया गया शिक्षक दिवस



**बेमेतरा।** शासकीय हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के प्रांगण में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। तीनों संस्था प्रमुख सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का शालानायक एवं शाला नायिका ने तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक संतोष राजपूत ने वर्तमान पाठ्यक्रम एवं बच्चों के शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। पूर्व माध्यमिक के संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने अपने प्राथमिक शिक्षक की एक-एक बातों को याद कर बताया। वहीं, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शशिकला यादव, नुतेश्वर चंद्राकर, सरस्वती साहू, देवेंद्र साहू, प्रशांत बघेल ने भी संबोधित किया। इस दौरान शाला में रामगोपाल चंद्राकर, राजेश गायकवाड़, प्रतिभा , किरण खरे,अमरीका पांडेय एवं लक्ष्मी साहू सहित डीएड के छात्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

# मुड़पार के ग्रामीणों ने किया औद्योगीकरण का विरोध

**नवागढ़।** गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नवागढ़ में ग्राम मुड़पार के किसानों ने हाथों में तख्ती लेकर औद्योगीकरण के विरोध में एसडीएम नवागढ़ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष अंजली सतीश मार्कण्डेय, पिंटू अनंत, चंद्रनाथ नवरंग, हाथीराम, शालिग्राम, गिरजा, आनंद भास्कर, कोमलचंद, कालीचरण, विनोद कुमार, नरेंद्र कुमार, भारद्वाज, गणेश कुमार नवरंग, कौशल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।




# बालक-बालिकाओं को अपराध के प्रति सजग रहने व बचाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस द्वारा जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान एवं महिला सशक्तिकरण, बालक/ बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा, नशामुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चों संबंधित अपराधों व यातायात के नियमों एवं चलित थाना के माध्यम से गांव एवं स्कूल, कालेजों में छात्र/छात्राओं, आमजनों को जागरूक करने जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे एवं अन्य स्टाफ ने सरस्वती शिशु मंदिर देवकर के बालक/बालिकाओं को शिक्षक/शिक्षिकाओं की उपस्थिति में गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों तथा बालिकाओं/महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। नशामुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। अन्य यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुए अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। इस अवसर पर पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, आरक्षक पुरूषोत्तम पटेल व अन्य स्टाफ एवं शिक्षक/ शिक्षिकाएं व सरस्वती शिशु मंदिर देवकर के बालक/ बालिकाएं उपस्थित रहीं।



## बेमेतरा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता हुए शामिल

# प्रदेश में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत 3 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महामंत्री संगमलाल गुप्ता, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंह देव एवं भाजपा विधायक, मंत्रीगणों की उपस्थिति में शुरुआत की गई।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशभर के सभी जिलों एवं मंडलों से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर सदस्यता अभियान की शुरुआत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा, भाजपा ओबीसी विधायक मंत्री एवं सांसदगणों का सम्मान किया गया। इसमें बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ,साजा विधायक ईश्वर साहू सहित 19 विधायक, तीन सांसद एवं 6 मंत्रियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा प्रदेश महामंत्री व मोर्चा प्रभारी भरत लाल वर्मा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर सहित मोर्चा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष की अहम्‌ भूमिका रही। जिसमें बेमेतरा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन के नेतृत्व में, ओबीसी मोर्चा के जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षगण सहित लगभग 120 कार्यकर्ता शामिल हुए।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा, जिला महामंत्री छत्रकुमार देवांगन, जिला उपाध्यक्ष गंगाराम साहू,जिला मंत्री परमेश्वर साहू रेवाराम निषाद, मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, जितेन साहू, संजय पटेल, पुनीत वर्मा,रवि सिन्हा, नारद देवांगन, दौलत नाथ योगी, सहित अन्य ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए।

